हिंदी समाचार | रोज़ाना की ताज़ा ख़बरें | लाइव वीडियो न्यूज़

87.43 ₹

india file story

87.43 ₹

# जम्मू में 190.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड बारिश , पुल क्षतिग्रस्त



**जम्मू-कश्मीर में** भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बीते 24 घंटों में जम्मू शहर में 190.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो अगस्त महीने में करीब एक सदी में दूसरी सबसे बड़ी बारिश है।

भारी वर्षा के चलते बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जम्मू–पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक पुल को गंभीर क्षति पहुँची है। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज़ करने के साथ-साथ संवेदनशील इलाकों में अलर्ट जारी किया है।

**जम्मू** में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते प्रशासन ने सभी स्कूलों को आज बंद रखने का आदेश दिया है। मौसम विभाग ने फ्लैश फ्लड की चेतावनी दी है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।

### आईएमडी का भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली** भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने आज कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में 26 अगस्त तक, गुजरात में 30 अगस्त तक और महाराष्ट्र में गजानोत्सव की शुरुआत में तेज़ बारिश की संभावना जताई गई है। पुणे और मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई ज़िलों में मध्यम से भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है।

### अमेरिकी टैरिफ से दबाव में रुपया

नई दिल्ली 27 अगस्त से लागू होने वाले अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ से भारतीय बाज़ारों में दबाव देखने को मिल रहा है। रुपया कमजोर होता दिख रहा है और बॉन्ड मार्केट पर भी इसका असर पड़ सकता है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में विदेशी मुद्रा बाज़ार और बॉन्ड यील्ड पर कड़ी निगरानी ज़रूरी होगी।

### आज लॉन्च होगा Vivo T4 Pro

**नई दिल्ली** मोबाइल प्रेमियों के लिए आज बड़ा दिन है। Vivo कंपनी आज भारत में अपना नया स्मार्टफोन Vivo T4 Pro लॉन्च करने जा रही है। कंपनी का दावा है कि इस फोन में नया चिपसेट और बेहतरीन कैमरा टेक्नोलॉजी दी गई है। फोन का टीज़र पहले ही फ्लिपकार्ट पर जारी किया जा चुका है।

### भारतीय नौसेना को दो आधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट्स

**विजयवाड़ा** भारतीय नौसेना के बेड़े में आज दो नए स्टील्थ फ्रिगेट्स शामिल हो गए हैं। INS उदयगिरि और INS हिम्मगिरि के शामिल होने से नौसेना की ताकत में बड़ा इज़ाफ़ा हुआ है। ये दोनों जहाज़ पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से बनाए गए हैं और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल की दिशा में अहम कदम माने जा रहे हैं।

**रुपया कमजोर**, अमेरिकी टैरिफ की उल्टी गिनती शुरू — बॉन्ड मार्केट पर नजर" — 27 अगस्त से लागू होने वाले शुल्कों के चलते रुपया और सरकारी बॉन्ड यील्ड की दिशा पर सवाल।




अपना सुझाव हमें ईमेल पर भेजें – filestoryindia@gmail.com